Title: Need to set up High Power T.V. transmitter at Chhatarpur, Madhya Pradesh-Laid.

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी (खजुराहो) : महोदय, खुजराहो की गणना भारत के प्रमुखतम पर्यटन केन्द्रों में की जाती है। भारत सरकार भी देश में अंतर्देशीय तथा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देना चाहती है। अतः यह आवश्यक है कि पर्यटन स्थलों को बुनियादी सुविधाओं से युक्त बनाया जाए, जिससे पर्यटकों को आकर्िित किया जा सके। पर्यटन ने केवल स्थानीय निवासियों को रोजगार के अवसर प्रदान करता है, अपितु शासन को भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा भी अर्जित कराता है।

शासन की नीति आर्थिक व सामाजिक रूप से पिछड़े क्षत्रों की अन्य विकसित क्षेत्रों के समान आधुनिक शिक्षा, संचार व मनोरंजन के साधनों से जोड़ने की है। खजुराहो के जिला मुख्यालय छतरपुर(म.प्र.) मे दूरदर्शन का अल्पशक्ति ट्रांसमीटर है, जो अत्यन्त सीमित क्षेत्र में ही प्रसारण कर पाता है। खजुराहो जैसा प्रमुख पर्यटन केन्द्र दूरदर्शन प्रसारण से वंचित है। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि छतरपुर में उच्च शक्ति दूरदर्शन ट्रांसमीशन केन्द्र स्थापित किया जाए तथा छतरपुर में स्थापित अल्पशक्ति ट्रांसमीटर जिले की ही सुदूर स्थित नगर लौड़ी में स्थापित किया जाए, जिससे बुन्देलखण्ड के अभी तक वंचित क्षेत्र को दुरदर्शम प्रसारण की सेवायें प्राप्त हो सकें।